# डकैती की योजना बनाते तीन इनामी बदमाशों सहित पांच गिरफ्तार

## कार्रवाई के दौरान पुलिस ने हथियार व कारतूस भी बरामद किये

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देशन में व एएसपी प्रकाश चंद एवं पुलिस उपाधीक्षक बाबू लाल विश्नोई के सुपर विजन में उदेई मोड थानाधिकारी लाखन सिंह के नेतृत्व में डकैती की योजना बनाते हुए पांच-पांच हजार के तीन इनामी बदमाश सहित कुल पांच बदमाशों को अवैध हथियारों व कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि उदेई मोड थानाधिकारी लाखन सिंह ने अपनी टीम जिसमें एएसआई अजीत मोंगा, हैड कानि. राजेश खन्ना, जितेन्द्र सिंह, कनि. सत्यभान सिंह, राजाराम, समय सिंह, विजय सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, अखिलेश एवं चालक वीरेन्द्र सिंह के



पुलिस ने डकैती की योजना बनाते पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया।

साथ रीको एरिया के एक खाली प्लॉट में डकैती की योजना बनाते हुए पांच बदमाशों घेरा डाल कर दबोच लिया। जिसमें साबिर उर्फ टाडा के

■ इनमें पांच-पांच हजार के तीन इनामी बदमाश भी शामिल

कब्जे से एक पिस्टल 32बोर मय तीन जिंदा कारतूस, मिर्ची पाउडर व एक बिना नंबरी मोटरसाईकिल, सद्दाम उर्फ अद्दू से एक देशी कट्टा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस, मोहसिन कुरैशी से 315 बोर का एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस, गौरव मीना से एक 12 बोर बंदूक व 16 जिंदा कारतूस व एक बिना नंबरी मोटरसाईकिल, शौएब उर्फ शौबी से एक मोटरसाईकिल की चैन बरामद कर मौके से गिरफ्तार किया गया है। बदमाशो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गहनता से पूछताछ की जा रही है कि वो ये अवैध हथियार कहां से लाते थे।

पुलिस ने बताया कि उक्त बदमाशों से ओर भी वारदात खुलने की संभावना है। पुलिस ने आरोपियो को शनिवार को थाना से पैदल ही कोर्ट में पेश किया। इस दौरान अपराधियों को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड पडा। वहीं सभी ने पुलिस की इस कार्यप्रणाली प्रशंसा की। थानाधिकारी लाखन सिंह ने बताया कि इस दौरान बदमाश आमजन से माफी मांग रहे थे। उन्होंने बताया कि पांच आरोपियों में तीन थाने के हिस्ट्रीशीटर है जिन पर पांच-पांच हजार रूपए के इनाम घोषित है। पुलिस पैदल ही उन्हे कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हे पुलिस को पीसी रिमाण्ड पर सौप दिया।

# अधेड़ की हत्या का पर्दाफाश, पत्नी गिरफ्तार

## मारपीट से तंग आकर पत्नी ने ही की पति की हत्या



राजसमंद पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में पत्नी को गिरफ्तार किया।

**राजसमंद, (निसं)।** जिले की कांकरोली थाना पुलिस ने पिछले दिनों राज्यावास गांव में हुई अधेड़ की हत्या का मामला सुलझा लिया है। हत्यारिन मृतक की पत्नी ही निकली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी। आरोपी पत्नी ने कबूल किया कि आये दिन मारपीट से तंग आकर उसने ही पति की हत्या की थी।

थानाधिकारी दुर्गाप्रसाद दाधिच ने बताया कि 2 अक्टूबर को प्रार्थी निर्मलकुमार पंचोली (32) पुत्र किसन तेली निवासी राज्यावास ने थाना में एक रिपोर्ट लिखवाई कि हम तीन भाई हैं। सबसे बडा गणपत कुमार जो गुजरात में रहकर व्यवसाय करता है। उससे छोटा राजकुमार व उससे छोटा मैं हूं। हम दोनों भाई गांव के पुराने पैतृक मकान में साथ रहते हैं। मेरी मां मनोहरी बाई व पिता किसनलाल तेली राज्यावास मेन रोड के पास आरा मशीन के पास बने मकान मे रहते हैं। 2 अक्टूबर को सुबह करीब 3 बजे मुझे मेरे बडे भाई राजकुमार ने उठाया और बताया कि घर पर पिताजी के साथ कोई घटना हो गई है।

हम दोनों भाई घर पर आये। घर के बाहर मेरी मां खडी थी। मां ने बताया कि चक्की वाली दुकान में पिताजी की लाश खून से लथपथ पडी है व अन्दर से कमरा बन्द है। हम किवाड तोडकर अन्दर गये व देखा कि मेरे पिताजी की खून से लथपथ लाश पर एक कम्बल डाला हुआ था जो चेहरे पर पडा हुआ था। जिसको हटा कर देखा तो मेरे पिता जी के सिर में गम्भीर चोट थी और सिर की चमडी उखडी हुई थी। दिवार पर चमडी सहित बाल खून के साथ चिपके हुये थे। टूटी हुई चुडियां पडी हुई थी एक गिलास व बोतल में थोडी शराब भी पडी हुई थी। हमने सरपंच विक्रमसिंह को घटना की जानकारी देकर पुलिस सूचना देने के लिए फोन किया। हमने कमरे का विडियो भी बनाया है। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

एसपी सुधीर जोशी के निर्देशानुसार एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी रुद्रप्रकाश शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रकरण के अनुसंधान के सन्दर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अन्य कार्रवाई के साथ मृतक की पत्नी व उसके बेटों से भी पूछताछ की गई। जिसमें मनोहरी देवी द्वारा बार बार अपने बयानों से पलटना सामने आया व उनकी घटना के बाद की गतिविधियां संदेहास्पद पाई गई।

पूछताछ के दौरान मनोहरी देवी ने अपने पति किशनलाल तेली की हत्या करना कबूल करते हुये अपने पति मृतक किशनलाल द्वारा छोटी-छोटी बातों बात गुस्सा होकर आये दिन लकडी से मारपीट करना बताया। जिस रात्रि को मृतक की हत्या की गई। उस शाम को भी मृतक किशनलाल तेली द्वारा लकडी से मारपीट करना बताया। मृतक द्वारा किये जा रहे दुर्व्यवहार व मारपीट गाली गलौच से तंग आकर किशनलाल तेली को मिर्गी का दौरा पडने पर जब मृतक को कुछ भान नहीं रहता है उसे बाहर से अन्दर दुकान में ले जाकर लोहे के पाइप से वार कर हत्या कर देना कबूल किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# राजस्थान में फ्लॉप फिल्म ''किस्सा कुर्सी का'' चल रही है : राजेन्द्र राठौड़

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि राजस्थान में फ्लॉप फिल्म ''किस्सा कुर्सी का'' चल रही है, जिसके हीरो अशोक गहलोत, साइड हीरो सचिन पायलट और खलनायक गोविन्दसिंह डोटासरा हैं। राठौड़ ने कहा कि यह फिल्म बनाने का ठेका दो हजार करोड़ रुपए में अरोड़ा को दिया है। राठौड़ शनिवार को अपने चूरू आवास पर प्रदेश सरकार की नाकामियों को लेकर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

राठौड़ ने कहा कि ग्राम पंचायत से जिला बन जाए, ऐसा पहली बार देखा है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री रोज लोकलुभावनी बात कर रहे हैं। किसान व नौजवान मुख्यमंत्री से बदला लेंगे। राठौड़ ने कांग्रेस नेता रफीक मण्डेलिया पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि मुम्बई से किरदार आए हुए हैं। इस मौके पर हरियाणा सरकार के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि राजस्थान के किसानों



राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और हरियाणा सरकार के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने पत्रकारों से वार्ता की।

की स्थिति खराब है और यदि किसानों को मुख्य धारा में लाना है तो भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में बननी जरूरी है। दलाल ने कहा कि राजस्थान से कांग्रेस सरकार जा रही है और भाजपा आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही आमजन का भला कर सकती है। उन्होंने कहा कि लगता है राजस्थान में मुख्यमंत्री हर गांव को जिला बना देंगे। दलाल ने हरियाणा सरकार की विभिन्न योजनाएं गिनाई। इस मौके पर भाजपा के दीनदयाल सैनी, सुरेश सारस्वत आदि सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# करणराज सिंह सोढ़ा का राजस्थान टीम में चयन

**जोधपुर, (कासं)।** असम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर फुटबाल प्रतियोगिता (संतोष ट्रॉफी)में जोधपुर के खिलाड़ी करणराज सिंह सोढ़ा का राजस्थान की टीम में चयन हुआ है। अखिल भारतीय फुटबाल फेडरेशन द्वारा आयोजित संतोष ट्रॉफी में भाग लेने सोढा असम के लिए रवाना हो गए।

खिलाड़ी करणराज सिंह सोढ़ा का चयन गत मार्च माह में अलवर में आयोजित सीनियर फुटबाल प्रतियोगिता के दौरान उनके उत्कर्ष प्रदर्शन के आधार पर किया गया। सोढा डॉ. दिनेश सिंह चौहान के नियमित प्रशिक्षु है। नागौर जिले की सांजू तहसील के चुड़ियास गांव के मूल निवासी स्वर्गीय लाल सिंह सोढ़ा के पौत्र एवम रेलवे में कार्यरत वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी (लेखा) ऋषिराज सिंह सोढ़ा के पुत्र व ओसिया निवासी स्वर्गीय मनोहर सिंह भाटी के दोहिते करण राज सिंह सोढ़ा का संतोष ट्रॉफी में चयन होने पर गोविंद सिंह राठौड़ नाडसर, गोपाल सिंह राठौड़ जालसू, ऋषिराज सिंह सोढ़ा चुडियास, महिपाल सिंह भाटी ओसियां, चंद्रपाल चौहान सजाडा, प्रदीप सिंह राठौड़ बोलागुडा, गिरवर सिंह कुंपावत सिंघासनी, नरेंद्र सिंह राठौड़ भाखरी, अभय सिंह देवड़ा पैरवा, ओनरारी कैप्टन नारायण सिंह भाटी खुडियाला, प्रेमपाल सिंह राठौड़ मुंडारा, बृजपाल सिंह रिया श्यामदास, अभय सिंह चौहान श्रीसेला, कुलदीप सिंह राठौड़ नाडसर, संजय जोधा जालसू, कुलराज सिंह सोढ़ा चुडियास, अरविंद सिंह राठौड़ जालसू, प्रदीप सिंह भाटी ओसियां, आदित्यपाल सिंह राठौड़ मुंडारा एवं पोलो खिलाड़ी आर्यवर्धन सिंह चौहान सजाडा आदि ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत के अनुसार राजस्थान की टीम का शुरुआती मुकाबला 8 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश की टीम से होगा।

# राहगीरों को लूटने वाली ईरानी गैंग का सरगना गिरफ्तार

## पुलिस की फर्जी आईडी दिखाकर राहगीरों को लूटते थे

**अजमेर, (कासं)।** पुलिस का फर्जी आईडी दिखाकर राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में राहगीरों को लूटने वाली ईरानी गैंग का सरगना हसन अली आखिर पकड़ा गया। अजमेर पुलिस ने आरोपी को शनिवार को अजमेर के गांधी भवन मार्ग पर धरदबोचा। ये रास्ते में गुजर रहे बुजुर्गों को रोक कर उनसे सोने-चांदी के जेवरात उतरवा लेता था। आज जब ये दुबारा वारदात को अंजाम देने अजमेर पहुंचे तो पुलिस को भनक लग गई और इन्हें पकड़ लिया गया। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर एक घंटे में चार वारदातों को अंजाम देकर बाइक से कोटा भाग निकलते थे। ये हर वारदात के बाद अपनी शर्ट बदल लेते ताकि सीसीटीवी फुटेज में पहचान में ना आ सके। मामला अजमेर के चार पुलिस थानों में 20 सितम्बर को दर्ज होने से सुर्खियों में आया।

अजमेर उत्तर सीओ भोपाल सिंह भाटी ने बताया कि टीम को इनके हुलिए से मिलते जुलते संदिग्ध लोगों के कोटा में होने की सूचना मिली थी। शनिवार 11



पुलिस ने ईरानी गैंग के बदमाश को पकड़ा।

बजे कार्रवाई करते हुए गांधी भवन के पास से किशोरपुरा कोटा सिटी निवासी हसन अली (27) पुत्र यासीन अली उर्फ सिया उर्फ कुर्बान अली को गिरफ्तार किया गया। आरोपी हसन अली ईरानी गैंग का सरगना है। साल 2019 में जिला बूंदी में इसी तरह की वारदातों में जेल जा चुका है। 2020 में जमानत पर बाहर निकलने के बाद वह फिर से ठगी की वारदातों में लिप्त हो गया। सरगना ने अपने अन्य साथियों के साथ राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में वारदात को अंजाम दिया था। 1 सितंबर 2023 को कोटा सिटी में तीन वारदात व 21 सितंबर 2023 को कोटा सिटी में दो वारदात को अंजाम दिया गया। गैंग द्वारा इस प्रकार की घटनाएं संपूर्ण भारत में करना पाया गया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपी से उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। जिसमें कई महिलाएं भी शामिल है।

■ आरोपियों ने एक घंटे में राह चलते चार वारदातों को दिया था अंजाम

अजमेर उत्तर सीओ भोपाल सिंह भाटी ने कहा कि 20 सितंबर को अजमेर के कोतवाली थाने पर फॉयसागर निवासी हरीश वाधवानी ने मुकदमा दर्ज करवाया था। शिकायत में पीड़ित ने बताया था कि सुबह जब वह घर से स्कूटर पर अपनी दुकान की तरफ जा रहा था तो जीपीओ के बाहर दो युवकों ने रुकवाया व स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर उसकी चेन, अंगूठी उतार कर एक लिफाफे में रखवा ली और उसे झांसा देकर दूसरा लिफाफा पकड़ा दिया और जेवर लेकर भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी दिन अलवर गेट थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला, फिर रामगंज में बुजुर्ग दंपति और आखिर में क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में स्टूडेंट को वारदात का शिकार बनाया था।

# चम्बल परियोजना की नींव रखी

**भीम, (निसं)।** प्रभारी मंत्री आंजना एवं विधायक रावत ने आंजना में चम्बल परियोजना की नींव रखी। मेवाड़ के राजसमंद जिले की देवगढ़ के आंजना की भूमि भविष्य में इतिहास के पन्नों में चम्बल परियोजना के लिए स्वर्णिम अक्षरों लिखी जाएगी।

शनिवार को राजसमंद जिले की ऐतिहासिक चंबल परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर सुबह से भीम देवगढ़ के प्रत्येक गांव ढाणी में खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीण जहा एक और खुद अपने वाहनों से कार्यक्रम स्थल पहुंचे वही पार्टी पदाधिकारियों के द्वारा भेजे गए वाहनों में भरे खासी भीड़ देखी गई।

शनिवार को आयोजित हुए ऐतिहासिक कार्यक्रम में कार्यक्रम के निर्धारित समय से पूर्व ही भारी टेंट में लगी कुर्सियां भर गई। आम जन में इतना उत्साह देखा गया कि विशाल टेंट भी छोटा पड़ गया। जानकार सूत्रों के अनुसार करीब 7 हजार कुर्सियों की बैठक व्यवस्था की गई थी परन्तु लोगों में अत्यधिक उत्साह के चलते भारी जन समूह को खड़े रहना पड़ा। चम्बल प्रोजेक्ट के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरी सिंह राठौड़ ने कहा कि आम तौर पर जो काम मंत्री नही करवा पाते जो आपके विधायक सुदर्शन सिंह रावत भविष्य में मगरे में भागीरथ के रूप में जाने जाएंगे।डॉ. रावत ने समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्वगृह राज्य मंत्री मगरा बोर्ड अध्यक्ष राज्य वित्त आयोग के सदस्य स्क्वाड्रन लीडर डा. लक्ष्मण सिंह रावत ने कहा विपक्ष पर चुटकी लेते हुए कहा कि आज हमारी अशोक गहलोत सरकार की आम और आवाम से जुड़ी राहत की योजनाओं को बंद कर देंगे। इसलिए आपको बटन दबाते समय पूरा ध्यान रखना है।

# मारपीट का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** साथी बंदी द्वारा पीडित के साथ जेल में कुकृत्य करने एवं इसकी शिकायत करने पर जेलर व गार्ड द्वारा मारपीट करने की जानकारी मिलने पर बंदी के पिता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जानकारी के अनुसार पीडित ने जेल में बदी शिवलाल डांगी, जेलर सुरेश चन्द्र तथा गार्ड मुकेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 6 अक्टूबर को मैं उदयपुर केन्द्रीय कारागृह में बंदी अपने पुत्र से मिलने के लिए गया था। इस दौरान पुत्र ने बताया कि साथी बंदी ने मेरे साथ कुकृत्य किया।

# गौशाला और मन्दिर में सामान चोरी

## गौशाला से बिजली का सामान चोरी, दो मन्दिरों में भी हाथ मारा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के तनावड़ा स्थित गौशाला से इलेक्ट्रानिक सामान चोरी हो गया। इसमें नामजद के खिलाफ विवेक विहार थाने में मामला दर्ज करवाय गया है। पुलिस ने बताया कि आसोप थानान्तर्गत मंगेरिया भोपालगढ़ निवासी सुनिल पुत्र मोहनराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि तनावड़ा में स्थित महादेव गौशाला में काम करने वाला ब्यावर निवासी नैना काठात गौशाला परिसर से इलेक्ट्रानिक सामान चोरी कर ले गया। वह काफी दिनों से लापता है। विवेक विहार पुलिस इसमें अब जांच कर रही है।

इसी प्रकार शहर के मंडोर रोड स्थित आरएसी बटालियन क्षेत्र में एक मंदिर में चोरों ने सेंध लगाकर वहां से सामान चोरी कर लिया। आरएसी के कांस्टेबल की तरफ से इस बारे में मंडोर थाने में रिपोर्ट दी गई है। आरएएसी के कांस्टेबल नारायण सिंह पुत्र दुर्गसिंह राजपुरोहित ने मंडोर पुलिस को बताया कि आरएसी प्रथम बटालियन मंडोर रोड परिसर में स्थित मंदिर में 4 अक्टूबर को अज्ञात चोर ने मंदिर में सैंधमारी करके कीमती सामान और नकदी आदि चुराकर ले गए। मंडोर पुलिस अब चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ बालेसर तहसील के जीयाबेरी निम्बों का गांव बालेसर निवासी मनोहर सिंह पुत्र भगसिंह ने पुलिस को बताया कि जीयाबेरी बेलवा में स्थित मंदिर के ताले रात्रि के समय तोड़कर अज्ञात नकबजन चांदी के छत्र, भगवान के जेवरात और भेंटपात्र में रखी नकदी चुराकर ले गए।

# दस हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## लंबे समय से था फरार, धौलपुर में पकड़ा

**जयपुर, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को धौलपुर जिले में एक 10 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ा है। आरोपी कैलाशी गुर्जर पुत्र दीवान धौलपुर जिले के थाना सदर इलाके में घड़ी सादरा गांव का रहने वाला है। डकैती व आर्म्स एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच टीम द्वारा इनामी अपराधियों और अवैध मादक पदार्थ के तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को बारां डीएसटी और धौलपुर सदर थाने के सहयोग से बारां जिले के भंवरगढ़ थाने में दर्ज मुकदमे में वांछित दस हजार के इनामी को गिरफ्तार किया गया।

एडीजी एमएन ने बताया कि डकैती व आर्म्स एक्ट के मामले में लंबे समय



आरोपी कैलाशी गुर्जर

से फरार चल रहे आरोपी कैलाशी गुर्जर के बारे में क्राइम ब्रांच टीम के सदस्य कांस्टेबल नरेश कुमार को सूचना मिली थी। सूचना पुख्ता कर आरोपी की दस्तयाबी के लिए आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं एडिशनल एसपी नरोत्तम वर्मा व राजेश मलिक के सुपरविजन तथा इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, रविंद्र सिंह राकेश जाखड़ व कांस्टेबल नरेश की टीम गठित कर रवाना की गई। एडीजी ने बताया कि टीम ने धौलपुर पहुंच थाना सदर के एएसआई विष्णु दत्त के सहयोग से सूचना को विकसित कर पुख्ता किया।

शनिवार को थाना पुलिस व बारां डीएसटी के सहयोग से आरोपी को दस्तयाब कर डीएसटी को सुपुर्द किया गया। संपूर्ण कार्रवाई में कांस्टेबल नरेंद्र कुमार व हेड कांस्टेबल राकेश जाखड़ की विशेष भूमिका रही, वहीं हेड कांस्टेबल महेश सोमरा व रविंद्र सिंह की तकनीकी भूमिका रही। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर द्वारा किया गया। धौलपुर सदर थाने के एएसआई विष्णु दत्त मय टीम और बारां डीएसटी का सहयोग रहा।

# सांभर पालिका में 60 लाख के विकास कार्य अटके

## विकास कार्यों के लिए अभी तक वर्कआर्डर जारी नहीं हो सके हैं

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर पालिका प्रशासन की ओर से अनेक स्थानों पर करीब 60 लाख रुपए की लागत से करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए अभी तक वर्क आर्डर जारी नहीं हो सके हैं। बताया जा रहा है कि पूर्व में तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी का पद रिक्त होने तथा वर्तमान में अधिशाषी अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर वेरीफाई नहीं होने से मामला अटका पड़ा है। डिजिटल सिग्नेचर वेरीफाई होने के बाद ही निविदा ओपन हो सकेगी लेकिन तकनीकी कारणों से अभी तक यह मामला उलझा हुआ है।

अधिशाषी अधिकारी कंचन राठौड़ के ज्वाइन करने के बाद अब इन विकास कार्यों के लिए ठेकेदार को हरी झंडी मिलने का इंतजार है यानी वर्क आर्डर जारी होने के बाद काम शुरू हो सकेंगे। इन विकास कार्य में प्रमुख रूप से पार्क, शौचालय, बेंच,



सांभर के शमशान घाट में तूफान से उड़े टीनशेड आज भी यथास्थिति में पड़े हुये हैं।

चबूतरा, श्मशान घाट, कब्रिस्तान, रखरखाव, जीणोद्धार जैसे कार्यों पर करीब 47 लख रुपए का बजट रखा गया है। इसी प्रकार जागेश्वर विहार कॉलोनी के विकास कार्यों पर भी करीब 15 लाख रुपए खर्च होंगे।

■ नगरपालिका ने दो माह पहले जारी की थी निविदा

जानकारी के अनुसार शमशान घाट में एक समाज के कुछ माह पहले टीनशेड तूफान में उड़ गए थे उसके बाद आज तक यथा स्थिति में है।

पार्षद पति टीकमचंद कुमावत ने बताया कि इस मामले में यहां की पार्षद ज्योति कुमावत ने वरिष्ठ नेता विद्याधर सिंह चौधरी को पत्र लिखकर इसके लिए अवगत करवाया था और वर्तमान में भी इसके लिए अनुरोध किया जा चुका है लेकिन अभी तक इन कार्य के लिए कोई आसान नजर नहीं आ रहे हैं। श्मशान घाट में भी अभी तक टीनशैड को खड़ा नहीं किया गया है और वहां पर अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों के लिए अभी और बेंच रखी जाने की जरूरत है।